MP BOARD CLASS 10 HM SOCIAL SCIENCE MODEL PAPER SET 2 2020

म.प्र. बोर्ड कक्षा **10 HM** सामाजिक विज्ञान मोडल पेपर सेट **2 2020**

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए- 1x5=5

(अ) हथियारों की दौड का सम्बन्ध है-

(i) गरीबी से (ii) बेरोजगारी से (iii) आंतकवाद से. (iv) अशिक्षा से।

(ब) लैटिन भाषा में मुद्रा को कहते थे-

(i) मोनेटा (ii) जूनो (iii) पैक्यूनिया (iv) पैकस।

(स) जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश-

(i) बढ़ता जाता है (ii) घटता जाता है

(iii) बढ़ता है तत्पश्चात् घटता है (iv) घटता है तत्पश्चात् बढ़ता है।

(द) एगमार्क सुरक्षा चिह्न है-

(i) आभूषणों के लिए (ii) कृषि उत्पादों के लिए

(iii) ऊनी वस्त्रों के लिए (iv) बिजली उपकरणों के लिए।

(इ) पूँजीवाद में आर्थिक शक्तियों का संचालक होता है

(i) लोकतन्त्र (i) मूल्य तन्त्र (iii) राजतन्त्र (iv) ये सभी।

उत्तर- (अ) (iii), (ब) (i), (स) (i),(द) (iii), (इ) (ii)।

प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए- 1x5=5

(अ) समानता का अधिकार संविधान में वर्णित .... में से एक है।

(ब) संसद के दो सदन हैं .... और ....।

(स) नशामुक्ति के लिए मद्यनिषेध अभियान .... ने चलाया था।

(द) आर्थिक विकास से जनता के .... स्तर में वृद्धि होती है।

(इ) 'एगमार्क' ...." का सुरक्षा चिह्न रहता है।

उत्तर-(अ) मौलिक अधिकारों, (ब) लोकसभा, राज्यसभा,

(स) महात्मा गाँधी, (द) जीवन, (इ) कृषि उत्पादों।

प्रश्न 3. सत्य/असत्य बताइए- 1x5=5

(अ) मौलिक अधिकारों को संकटकाल में प्रतिबन्धित किया जा सकता है।

(ब) लोकसभा को उच्च सदन कहा जाता है।

(स) जे. एस. मिल ने सहकारिता की स्थापना को आर्थिक विकास का मापदण्ड माना है।

(द) विकसित देशों में अधिकांश जनसंख्या प्राथमिक क्षेत्र से जुड़ी रहती है।

(इ) शिक्षा एवं स्वास्थ्य सामाजिक अधोसंरचना का अंग है।

उत्तर-(अ) सत्य, (ब) असत्य, (स) सत्य, (द) असत्य, (इ) सत्य।

प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइए- 1x5=5

'अ'	'ब'
1. कार्बेट	(क) केरल
2. पेरियार	(ख) उत्तराखण्ड
3. बड़े पैमाने के उद्योग	(ग) कृत्रिम उपग्रह
4. आई.आर.एस	(घ) छतरपुर
5. चरणपादुका गोलीकांड	(ङ) लोहा-इस्पात

उत्तर-1.→ (ख), 2. → (क), 3. → (ङ), 4. → (ग), 5. → (घ)।

प्रश्न 5. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए- 1x5=5

(अ) रिक्टर पैमाने पर क्या मापा जाता है?

(ब) 1857 ई. की क्रान्ति का तात्कालिक कारण क्या था?

(स) हड़प नीति किसने लागू की थी?

(द) भारत-पाकिस्तान के मध्य सबसे उलझी हुई समस्या है।

(इ) सूचना प्राप्त करने का अधिकार (RTI) किस वर्ष में पारित किया गया?

उत्तर-(अ) भूकम्प की तीव्रता, (ब) चर्बी लगे कारतूस,

(स) लॉर्ड डलहौजी, (द) कश्मीर समस्या, (इ) वर्ष 2005 में।

प्रश्न 6. मृदा अपरदन से क्या तात्पर्य है?

अथवा

अभ्रक के कोई दो उपयोग लिखिए।

प्रश्न 7. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं के नाम बताइए। 2

अथवा

बहिष्कार का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 8. राष्ट्रीय आय की गणना किस समय-अवधि में की जाती है? लिखिए। 2

अथवा

बेरोजगारी भत्ता किसे दिया जाता है?

प्रश्न 9. सेवा क्षेत्र क्या है? 2

अथवा

अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र को उदाहरण की सहायता से समझाइए।

प्रश्न 10. वस्तु के सम्बन्ध में सीमित जानकारी प्राप्त होने का क्या परिणाम होता है? 2

अथवा

उपभोक्ता शिक्षा से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 11. जलोढ़ मिट्टी की तीन विशेषताएँ लिखिए। यह कहाँ पायी जाती है? 3

अथवा

वन आधारित उद्योगों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 12. श्वेत क्रान्ति व पीत क्रान्ति में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

खनिज पदार्थों का संरक्षण क्यों आवश्यक है?

प्रश्न 13. भारत में राष्ट्रीय जागृति के विकास में पश्चिम के विचारों और शिक्षा ने क्या भूमिका निभाई ? 3

अथवा

बहादुरशाह जफर का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

प्रश्न 14. 1857 के स्वतन्त्रता संग्राम की असफलता के कारण लिखिए। 3

अथवा

भारत में बसने वाले यूरोपियों (अंग्रेजों) ने इलबर्ट बिल का विरोध क्यों किया?

प्रश्न 15. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों के कितने प्रकार हैं? 4

अथवा

प्रदूषण का मानव जीवन पर प्रभाव बताइए।

प्रश्न 16. आन्तरिक जल परिवहन की प्रमुख बाधाएँ कौन-कौन-सी हैं? 4

अथवा

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों को लिखिए।

प्रश्न 17. "आपदाएँ मानव जाति एवं पर्यावरण के लिए खतरा हैं।" स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

आपदा प्रबन्धन से आप क्या समझते हैं? इसके प्रमुख तत्व बताइए।

प्रश्न 18. बंगाल विभाजन के पीछे ब्रिटिश शासन के क्या उद्देश्य थे? 4

अथवा

क्रान्तिकारी आन्दोलनों का भारत की स्वतन्त्रता के इतिहास में महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. भारत की विदेश नीति की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 4

अथवा

1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान की पराजय के क्या कारण थे?

प्रश्न 20. संविधान का क्या महत्त्व है? लिखिए। http://www.mpboardonline.com 4

अथवा

भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्त्तव्य लिखिए।

प्रश्न 21. वैश्वीकरण का छोटे उत्पादकों पर क्या प्रभाव पड़ा है? 4

अथवा

मिश्रित अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 22. मौसम मानचित्र की पाँच विशेषताएँ लिखिए। 5

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए

(i) कोलकाता, (ii) चेरापूँजी, (iii) अरब सागर, (iv) चिल्का झील, (v) भोपाल।

प्रश्न 23. सविनय अवज्ञा आन्दोलन का क्या अभिप्राय है? इसके कार्यक्रम एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा झण्डा सत्याग्रह किस प्रकार हुआ? वर्णन कीजिए।

प्रश्न 24. सन् 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के परिणाम लिखिए।

अथवा

भारत-बांग्लादेश सम्बन्धों पर एक विस्तृत लेख लिखिए।

प्रश्न 25. जिला पंचायत के कार्य लिखिए। 5

अथवा

मन्त्रिपरिषद के कार्यों का वर्णन कीजिए। (कोई पाँच)

प्रश्न 26. जनसंख्या विस्फोट क्या है? समाज पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों को लिखिए। 5

अथवा

साम्प्रदायिकता को दूर करने के उपाय बताइए।